हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 25 नवंबर 2024

तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 13.6 डिग्री

12 उभयलिंगी को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के ...


12 राज्य स्तरीय योगासन चैंपियनशिप रायगढ़ में ...




## खबर संक्षेप

### पेड़ से टकराकर बाइक सवार दो युवकों की मौत

**महासमुंद।** पेड़ से टकराकर बाइक सवार युवकों की मौत के मामले में पुलिस ने मर्ग जांच के बाद मामला दर्ज किया है। बागबाहरा पुलिस ने बताया कि 20 नवंबर को मृतक सोनू तांडी एवं ललित मिर्धा दोनों मोटर सायकल सीजी 06 जीआर 8574 से भुरकोनी से बागबाहरा आए थे। जब वे बागबाहरा से भुरकोनी वापस जा रहे थे, इसी दौरान तेंदूकोना रोड खल्लारी स्थापना के नीचे मोड़ के पास बाइक को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाने की वजह से अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा कर गिर गए। दोनों को इलाज के लिए सीएचसी बागबाहरा लाया गया, जहां डॉक्टर द्वारा चेक करने के बाद सोनू तांडी एवं ललित मिर्धा की मौत हो जाना बताया। मामले में बाइक चालक चालक ललित मिर्धा के खिलाफ अपराध धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



### परिवार के साथ मारपीट

**महासमुंद।** बरबसपुर में एक परिवार के साथ हुए मारपीट के मामले में बसना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि प्रदीप भोई निवासी ग्राम बरबसपुर 23 नवंबर की शाम करीब 6 बजे मैं अपने परिवार के साथ घर में था, तभी ग्राम बानीपाली निवासी उमेश बेहरा, गोलू मुखर्जी, नीलमणी मुखर्जी एवं अन्य लोग आए और पुलिस की मुखबिरी करने बात कहते हुए गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगे। इस दौरान बीच बचाव करने आए प्रार्थी के लड़के करण भोई, पत्नी उमा भोई, बेटी करीना भोई एवं भाभी सुरजा भोई के साथ हाथ मुक्का व लात घूंसा से मारपीट की गई। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### शराब जब्ती के दो मामलों में आरोपियों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब की अवैध बिक्री के मामले में बसना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि ग्राम बानीपाली में आरोपी नीलमणी मुखर्जी पिता सदामणी मुखर्जी (28 साल) के कब्जे से 2 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 400रुपए जब्त किया गया। वहीं दूसरे मामले में ग्राम बानीपाली में ही आरोपी उमेश बेहरा पिता परदेशी बेहरा (27 साल) के कब्जे से 2 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 400 रुपए को जब्त किया गया। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 34(1) आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई।

# लौटाया जाएगा 73 किसानों से 175 क्विंटल अधिक तौला गया धान

**बेमचा सोसायटी में किसानों के आक्रोश के बाद खबर प्रकाशन के बाद हुई त्वरित कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बेमचा सोसायटी में 8791 कट्टा की धान खरीदी में 2-2 किलो के मान से कुल 175 क्विंटल धान किसानों को लौटाया जाएगा। धान खरीदी केंद्र बेमचा में सामने आई हेराफेरी की शिकायत के बाद धान को पुनः तौला गया और तकरीबन 73 किसानों को उनके बेचे गए धान के कट्टों के हिसाब से प्रत्येक कट्टे के पीछे 2 किलो धान लौटाए जाने पर सहमति बनी है।

बता दें कि गुरुवार देर शाम 40 की भर्ती वाले कट्टे में धान खरीदी शुरु होने से अब तक तकरीबन 8791 कट्टे में 2-2 किलो धान एक्स्ट्रा लिए जाने की शिकायत सामने आई थी। जिसके बाद मौके पर पहुंचे अफसरों ने धान अधिक तौलाए जाने की पुष्टि अपने समक्ष ही की। बेमचा धान खरीदी केंद्र में शुक्रवार तक किसानों से तकरीबन 81 लाख रुपए की धान खरीदी की गई है वहीं इन किसानों से लिंकिंग के माध्यम से तकरीबन 15 लाख रुपए की ऋण वसूली भी की जा चुकी थी। कुल खरीदे गए धान की मात्रा 3516 क्विंटल बताई गई। जिसके हिसाब से कुल 8791 कट्टा धान खरीदी हुई।


गड़बड़ी: शिकायत पर पहुंचे अफसर ने कहा, जांच के बाद जरूर होगी कार्रवाई

अफसरों के सामने हुई तौलाई, बोरे में निकला 2 किलो अधिक धान

खबर का असर

### आंदोलन की चेतावनी दी, हुई कार्रवाई

आक्रोशित किसानों ने शुक्रवार को इलेक्ट्रॉनिक कांटे में धान खरीदी और तराजू में सेटिंग कर धान खरीदी की शुरुआत से तकरीबन 2 किलो प्रति बारदाना के हिसाब से अधिक धान तौलाए जाने का आरोप लगाते हुए समिति प्रबंधन और पदाधिकारियों को हटाए जाने की मांग और चक्काजाम किए जाने की चेतावनी दी थी।



### 73 किसानों में बंटेंगे 175 क्विंटल धान: पुरानिक

धान खरीदी केंद्र के प्रभारी पुरानिक साहू ने बताया कि अफसरों के आदेश के बाद धान का पुनः तौल कराया गया और 73 किसानों को तौल में हुई गड़बड़ी के चलते 2-2 किलो धान प्रत्येक किसान के कट्टा संख्या के हिसाब से उन्हें लौटाया जाएगा।

**अपराध:** सरायपाली के आईसीआईसीआई बैंक में गबन का मामला

# 55 लाख रुपए लेकर फरार हुआ बैंक का दूसरा आरएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सरायपाली के आईसीआईसीआई बैंक में 55 लाख रुपए के गबन का मामला सामने आया है। घटना को लेकर बैंक के इंचार्ज व रिलेशनशिप मैनेजर ने सरायपाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पुलिस को आईसीआईसीआई बैंक बस स्टैंड सरायपाली में रिलेशनशिप मैनेजर धर्मेंद्र प्रधान ने एफआईआर में बताया कि बैंक की मैनेजर सौम्या मेहता 11 नवंबर से अवकाश पर हैं और वह बैंक का इंचार्ज है। बैंक में कुमार बोगी भी रिलेशनशिप मैनेजर के पद पर कार्यरत था, 19 नवंबर को बैंक की तिजोरी को खोलकर उसमें रखे 55 लाख रुपए लेकर भाग गया।

मामले को लेकर पुलिस को बैंक इंचार्ज ने आगे बताया कि आरोपी कुमार बोगी रिलेशनशिप मैनेजर के पद पर मई 2024 से कार्यरत था। 19 नवंबर को लगभग 4 बजे तक कैश के लेन देन का हिसाब-किताब कर तिजोरी (डिफेंडर) में रख दिया था, जिसमें क्लोजिंग बैलेंस 1, 05, 26, 131 रुपए था। तिजोरी की एक चाबी मेंरे पास तथा दूसरी चाबी सहकर्मी रिलेशनशिप मैनेजर धीरेंद्र प्रधान के पास रहती है। मैने अपनी तिजोरी की चाबी बैग में रख कर उसे अपने टेबल के नीचे में रख दिया था तथा धीरेंद्र प्रधान ने भी अपनी चाबी कैश केबिन के अंदर में रखा था।




- मैनेजर ने सरायपाली थाने में दर्ज रिपोर्ट कराई

### ऐसे हुआ मामले का खुलासा

शाम चार बजे तिजोरी को लॉक कर धीरेंद्र प्रधान के साथ सेंट्रल बैंक स्टेटमेंट लेने चले गए थे, इस दौरान बैंक में आफिस बॉय रिकेश कलेत और कुमार बोगी रूके हुए थे। 20 नवंबर की शाम को करीब 6 बजे फिर कैश को टैली करते समय पता चला कि तिजोरी में रखे 55, 00, 000 रुपए नहीं हैं। इसके बाद जब बैंक का सीसीटीवी फुटेज चेक किया गया तब पता चला कि 19 नवंबर को करीब 4.30 बजे तिजोरी से कुमार बोगी दो बैग में रुपए को लेकर फरार हो गया है। जब कुमार बोगी को फोन लगाया गया तो उसका मोबाइल बंद मिला। प्रार्थी ने बताया कि आरोपी कुमार बोगी द्वारा रुपए का गबन करने के पहले आफिस बॉय रिकेश कलेत को स्नैक्स लेने बाहर भेजा गया, रिकेश कलेत के नास्ता लेकर आने के बाद भी फिर आरोपी बहाने से चाय लेने बाहर भेज दिया था। चाय लाते ही कुमार बोगी द्वारा चाय और नास्ता न कर इमरजेंसी काम का बहाना बताकर रुपए से भरा दोनों बैग लेकर फरार हो गया। 20 नवंबर को आरोपी ने बैंक के ग्रुप में व्हाट्सएप के माध्यम से मैसेज किया कि आज से वह बैंक के कर्मचारी तथा अपने परिवार वालों से भी संपर्क में नहीं रहेगा। पुलिस ने मामले में आरोपी कुमार बोगी पिता जगन्नाधम (38 साल) राम मंदिर के पास पेडामारिकी, विजयानगरम आंध्रप्रदेश के खिलाफ धारा 316 (5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# टीवी रिचार्ज कराने कस्टमर केयर में फोन किया, खाते से उड़े डेढ़ लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

टीवी रिचार्ज कराने के लिए कस्टमर केयर नंबर में फोन करने के बाद एक शिक्षिका डेढ़ लाख रुपए ज्यादा की धोखाधड़ी की शिकार हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट के बाद आरोपी मोबाइल धारक के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि वार्ड नं 22 श्रीराम पाठशाला के पास पिटियाझर रोड महासमुंद व शिक्षिका के पद पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हीरापुर कोडिया जिला कटनी मध्यप्रदेश में पदस्थ सोनीकर तिवारी पति संजय तिवारी संतान पालन अवकाश पर अपने ससुराल गृह जिला महासमुंद आई हुई है। उसने टीवी रिचार्ज कराने के लिए डिश टीवी कस्टमर केयर का मोबाईल नंबर गूगल पर सर्च किया। जब कॉल किया तो अज्ञात मोबाइल धारक ने कहा कि एक नंबर से कॉल आएगा और वह आपका नंबर रजिस्ट्रर कर देगा। कुछ देर बाद काल कर प्रार्थिया से कहा कि बोला गया कि आप एक एप्लीकेशन इंस्टाल कर लीजिए और वाट्सएप में एक एप्लीकेशन फाइल भेजा गया। जिसे इंस्टाल करते ही प्रार्थिया का मोबाईल हैक हो गया और सारी जानकारी शेयर हो गई।

इसके बाद भारतीय स्टेट बैंक खाते से 8 नवंबर को 94255 रुपए, 3500 रुपए कुल 97755 रुपए फोन पे के माध्यम से आरोपी मोबाइल धारक के खाते में ट्रांसफर कर लिया गया। जिसे रिफंड करने के लिए दूसरा खाता नंबर मांगा, तब प्रार्थिया ने अपने पति संजय तिवारी का खाता नंबर दिया, इसके बाद उनके खाते से भी 59001 रुपए का आहरण कर लिया गया, जिसकी शिकायत सायबर सेल में की गई है। पुलिस ने कुल रकम 156756 रुपए की धोखाधड़ी किए जाने के मामले में अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ धारा 318 (4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## गांजा परिवहन कर रही महिला गिरफ्तार, पति फरार

**महासमुंद।** बाइक के जरिए गांजा परिवहन करने के मामले पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है। वहीं एक आरोपी फरार है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि बाइक से एक दंपत्ति गांजा लेकर अंतर्ला की ओर आ रहे हैं। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची, कुछ समय पश्चात मोटर सायकल क्रमांक सीजी 13 जे 9411 का चालक पीछे बैठी महिला एवं काले रंग के पिट्ठू बैग को छोड़कर भागने लगा, जिसे पकड़ने का प्रयास किया गया, लेकिन पता नहीं चला। इसके बाद संदेही महिला से नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम नीलांद्री यादव पति प्रमोद यादव (28 साल) ग्राम जोगीपुटका (पुटका) थाना जगदलपुर जिला बरगढ़ ओडिशा का निवासी होना बताया और फरार पुरूष के संबंध में पूछताछ में महिला ने उसे अपना पति बताते हुए उसका नाम प्रमोद यादव पिता सुंदर लाल यादव (31 साल) ग्राम जोगीपुटका(पुटका) थाना जगदलपुर जिला बरगढ़ उड़ीसा का निवासी होना बताया। पुलिस ने बैग की तलाशी के दौरान उसमें 2 नग प्लास्टिक झिल्ली में 3 किलो ग्राम गांजा कीमत 150000 रुपए होना पाया। इसके बाद पुलिस ने गांजा और बाइक को जब्त करते हुए आरोपी महिला नारकोटिक्स एक्ट की धारा 20 (ख) के तहत गिरफ्तार किया गया।

## दीपक बैज आज करेंगे शहर में मिनी खेल कोर्ट का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग के साथ बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता रहेंगे उपस्थित
- नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग ने की शहरवासियों से शुभारंभ कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील


शहर के तुमगांव ओव्हरब्रिज के नीचे निर्मित मिनी बास्केट बॉल खेल कोर्ट का शुभारंभ कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व सांसद दीपक बैज द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने बताया कि दोपहर 1 बजे कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज महासमुंद पहुंच तुमगांव रोड ओव्हरब्रिज के नीचे निर्मित मिनी बास्केटबॉल खेल कोर्ट का शुभारंभ कर शहर के खेल प्रेमियों को इसकी सौगात देंगे। ज्ञात हो कि नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने शहर के खेल प्रेमियों की मांग पर ओव्हरब्रिज के नीचे खाली पड़ी जगह पर सर्वसुविधा युक्त मिनी खेल का निर्माण कराया है। मिनी खेल कोर्ट के निर्माण शुरू होने के बाद से शहर के खेल प्रेमी लंबे समय से इसके निर्माण के बाद शुभारंभ की प्रतिक्षा कर रहे थे, जो आज शुभारंभ होने के बाद पूरी हो जाएगी।



## रात के तापमान में गिरावट के साथ बढ़ी कड़ाके की ठंड, हो सकती है बारिश भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अंचल में अगहन मास लगते ही मौसम में ठंडकता बढ़ गई है। जिसके चलते रात का तापमान में भारी गिरावट देखी जा रही है। वहीं लोग सुबह व शाम को गर्म कपड़ों का उपयोग कर रहे है। ज्ञात हो कि अगहन मास में मौसम का तापमान 12 डिग्री से नीचे लुढ़क गया है। सुबह एवं रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। दीपावली त्योहार के बाद से ठंड धीरे-धीरे बढ़ने लगी है। वहीं दिन एवं रात के तापमान में दिनों दिन गिरावट दर्ज की जा रही है। ठंड के मौसम में गर्म कपड़ों की ज्यादा जरूरत पड़ती रहती है। ठंड के मौसम में छोटे बच्चों एवं बुजुर्गों को ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत पड़ती है। खासकर श्वास अस्थमा एवं दमा प्रभावित मरीजों को ठंड के मौसम में ज्यादा सतर्क रहना चाहिए। आगामी सप्ताह भर में तापमान तेजी से लुढ़केगा फलस्वरूप प्रदेश के विभिन्न जिलों सहित जिले में हाड़ कंपाने वाली ठंड पड़ने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। मौसम वैज्ञानिकों ने प्रदेश के 10 जिलों को अलर्ट किया है। बता दें कि इस बार स्कूलों में शीतकालीन छुट्टियां 23 दिसंबर से लग रही है। लेकिन, जिला मुख्यालय में ठंड का असर अभी से देखा जा रहा है। पिछले तीन चार दिनों से न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.5 डिग्री नीचे गिर गया है।



### सर्दी के बीच होगी बारिश

एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बनने की वजह से आने वाले 5 दिनों तक छत्तीसगढ़ के न्यूनतम तापमान मं् 1 से 2 डिग्री तक वृद्धि होने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिम बंगाल में एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बनने के बाद वह डिप्रेशन में बदलता है तो बादल छाए रहने की वजह से छत्तीसगढ़ के न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री की वृद्धि हो सकती है।

## संकुल की बैठक में स्कूल संचालक ने प्राचार्य को दी जान से मारने की धमकी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

व्हाट्सएप ग्रुप से हटाने की बात को लेकर एक स्कूल संचालक ने संकुल की बैठक के दौरान प्राचार्य को जान से मारने की धमकी देते हुए गाली गलौज किया। मामले में प्रार्थी प्राचार्य की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ बसना थाना में मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि स्वामी आत्मानंद विद्यालय भूकेल में प्रभारी प्राचार्य एवं नोडल प्राचार्य सीआरसी सिंघनपुर चक्रधर सिंह पटेल पिता क्षमानिधि पटेल ने रिपोर्ट लिखाई है कि 23 नवंबर को शास. प्रा. शाला सिंघनपुर में संकुल स्तरीय जाति प्रमाण पत्र की समीक्षा बैठक चल रही थी। जिसमें बीआरसीसी पूर्णानंद मिश्रा एवं संकुल समन्वयक संतलाल मुकर्जी एवं शिक्षक सुरेश साहू, एमडी मेमोरियल स्कूल के संचालक मनोज प्रधान भी उपस्थित थे।

बैठक के दौरान आरोपी मनोज प्रधान द्वारा व्हाट्सएप ग्रुप सीआरसी सिंघनपुर से हटा देने की बात को लेकर गुस्से में आकर प्रार्थी के साथ जान से मारने की धमकी देते हुए गाली गलौज किया गया। मामले को बढ़ता हुए देख पूर्णानंद मिश्रा बीआरसीसी बसना एवं संकुल समन्वयक संतलाल मुखर्जी एवं शिक्षक सुरेश साहू ने बीच बचाव किया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 296, 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।


**अधिकांश वार्डों में इन दिनों आवारा कुत्तों की हरकत से नागरिक परेशान**

# सूअरों के बाद अब कुत्तों से निजात पाने महाभियान की दरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर में सूअरों के आतंक के बाद कुत्तों के आतंक से मुक्ति दिलाने की आवश्यकता महसूस हो रही है। अधिकांश वार्डों में इन दिनों आवारा कुत्तों की हरकत से आम नागरिक परेशान है। ये आवारा जानवर किसी के भी घर घुस रहे हैं। साथ ही किसी को भी चोट पहुंचाने के अलावा इनके कारण होने वाली दुर्घटनाओं में भी इजाफा हो गया है। नागरिकों ने पालिका प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए आवश्यक कदम उठाए जाने की मांग की।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को दुकान जाने निकले गंजपारा निवासी नागरिक अमन वर्मा को कुत्तों ने दौड़ाया, इस दौरान उन्हें काटने की कोशिश की गई लेकिन कुक्ते के मुंह में केवल लोवर पहुंचा जिससे वे चोटिल होने से बच गए लेकिन, इससे अन्य नागरिकों में मन में भय व्याप्त है। साथ ही नागरिक अपने बच्चों को लेकर काफी चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि रोज बच्चे बाहर खेलते रहते हैं आवारा कुत्तों की धरपकड़ आवश्यक है अन्यथा उनके बच्चों के भी चोटिल होने की संभावना है।



### सालों से नही हुई धरपकड़

बता दें कि शहर में घुमंतू कुत्तों की बाड़बंदी, नसबंदी अरसे से नहीं हो रही। पालिका कभी-कभार कुत्तों को पकड़कर शहर के बाहर जंगली क्षेत्र में छोड़ देती है। लेकिन, इस कार्रवाई को भी तकरीबन दशक भर बीत चुका है। बीते वर्ष कुत्तों के काटने की डेढ़ दर्जन घटनाएं केवल शहर में ही सामने आई थीं। बावजूद इसे लेकर जिम्मेदार संजीदा नजर नही आ रहे।

### बकरियों को बनाया था शिकार

आवारा कुत्तों के मामले में नागरिकों में से एक ने बताया कि करीब दो माह पहले उसकी दो बकरियां घर नहीं लौटी थीं। सुबह उन्हें ढूंढने लगे तो घर से कुछ दूरी पर कुत्ते इन्हें नोच रहे थे। जब कुत्तों को भोला जलक्षत्री ने स्वयं भगाने की कोशिश की तो झपट पड़े। उसने भागकर जान बचाई। वहीं क्लब पारा निवासी घनश्याम ने बताया कि सूअरों के छोटे बच्चों पर भी आवारा कुत्ते झपट्टा मारकर उन्हें अपना शिकार बनाते हैं। रात या सुबह-सुबह अकेले निकलना मुश्किल हो गया है। अमन वर्मा ने कहा कि रात या सुबह-सुबह कोई व्यक्ति अकेला पैदल जा रहा हो तो उसे कुत्तों से बचाव करना मुश्किल हो जाता है। पहले यहां कुत्तों की संख्या कम थी, लेकिन अब काफी बढ़ गई है।

पाठक सूचना
महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

# आमानाका और पंडरी में नया बस डिपो बनाने सिविल वर्क का टेंडर जल्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानीवासियों को ई बस की सवारी के लिए अभी और इंतजार करना होगा। केन्द्र सरकार ने पीएम बस योजना के तहत छत्तीसगढ़ को 240 बसों को मंजूरी दी है। इनमें से 100 बसें रायपुर को मिलेंगी, जो पूरी तरह ईको फ्रेंडली होगी। ई बस खरीदी के लिए एजेंसी तय करने केन्द्र सरकार ने ऑनलाइन टेंडर किया है। 29 नवंबर को इसकी अंतिम तिथि है, इसके बाद केन्द्र शासन एजेंसी तय कर ई बस निर्माण के लिए वर्कआर्डर जारी कर सकता है। इधर रायपुर नगर निगम शहर को मिलने वाली 100 ई बसों के लिए पंडरी और आमानाका में नए बस डिपो बनाएगा। सिविल वर्क के लिए निगम मुख्यालय से जल्द टेंडर होगा।

केन्द्र सरकार की ओर से छत्तीसगढ़ के लिए 240 ई बस उपलब्ध कराई जाएगी। पीएम ई बस योजना के तहत दुर्ग-भिलाई के लिए 50, बिलासपुर के लिए 50, कोरबा 40 ई बस और रायपुर के लिए 100 ई बसें मिलेगी। इन बसों के लिए शहर में 2 नए बस डिपो बनाया जाएगा। नगर निगम के कार्यपालन अभियंता प्रदीप यादव ने बताया कि आमानाका के सिटी बस डिपो में 60 और पंडरी के बस डिपो में 40 ई बसों के रखने की व्यवस्था रहेगी। चार्जिंग पाइंट की सुविधा केवल आमानाका डिपो में रहेगी।

**आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा नया बस डिपो :** निगम के अधिकारियों का कहना है कि नए बस डिपो को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। इसमें बसों के चार्जिंग स्टेशन के साथ यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रतीक्षालय सहित अन्य तरह की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। केन्द्र से 100 ई बस मिलने से पूर्व नगर निगम नए रूट का सर्वे कराएगा। वर्तमान में सिटी बसों का संचालन 16 अलग-अलग रूटो पर किया जा रहा है।

**आमानाका में 60 और पंडरी में 40 बस को रखने की व्यवस्था बनेगी**



### 10 एसी बस स्टॉप बनेंगे, 5 साल पहले बनवाए गए 10 एसी बस स्टॉप का उपयोग नहीं

महापौर एजाज ढेबर की परिषद ने एमआईसी की बैठक में शहर के प्रमुख सड़क किनारे 10 एसी बस स्टाप बनाने के प्रस्ताव को पहले ही मंजूरी दे रखी है। इसका रखरखाव विज्ञापन होर्डिंग्स की शर्त पर होगा। पीएम ई बस योजना के तहत शहर को 100 ई बस मिलना प्रस्तावित है, इसे देखते हुए 10 एसी बस स्टॉप बनाने अनुबंध कर एजेंसी तय कर ली गई है। वहीं नगर निगम द्वारा पूर्व में 1 करोड़ खर्च कर बनवाए गए 10 एसी बस स्टाप कबाड़ होने लगे हैं। इनमें से अधिकतर बस स्टाप की छत उखड़ गई है, कुछ के पाइप चोरी हो गए। साइज इतनी कम रखी गई है कि 6 लोग भी एक साथ उस स्टाप पर नहीं बैठ सकते। महिलाओं के लिए अलग से कुर्सी या प्राइवेसी की भी व्यवस्था नहीं है। मेकाहारा, देवेन्द्र नगर के नमस्ते चौक सहित अन्य जगहों पर बनाए गए एसी बस स्टाप ऐसे हैं, जहां सिटी बस रुकती नहीं।

## नगर निगम, लोक निर्माण विभाग ने अब तक नहीं ली सुध

# वीआईपी इलाके की सड़कें चकाचक आउटर इलाके में उड़ रहा धूल का गुबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के रिहाइशी इलाके सहित आउटर की दर्जनभर से ज्यादा सड़कों के मरम्मत नहीं होने से सड़क पर उड़ते धूल के गुबार ने लोगों को बेचैन कर दिया है। साइकिल चालक से लेकर दोपहिया व तिपहिया चालक और पैदल चलने वाले इस मार्ग से किसी तरह अपने गंतव्य तक पहुंचने विवश हैं। लभांडी बस्ती पहुंच मार्ग, जोरा, भाठागांव, बोरियाखुर्द बस्ती और अटारी बस्ती वाले मार्ग की कमोबेश यही स्थिति है। वहीं तेलीबांधा के मरीन ड्राइव से मैग्नेटो मॉल होते हुए वीआईपी इलाके को जोड़ने वाली सड़क चकाचक है। वहां वीआईपी की सुविधा का ध्यान रखने नगर निगम से लेकर अन्य निर्माण एजेंसी सड़क डामरीकरण करने में देर नहीं करती।

- प्रस्ताव के बाद भी काम में सुस्ती





**केस 1**

### लभांडी की सड़क पर धूल की भरमार

*नगर निगम जोन 9 क्षेत्र में शामिल लभांडी इलाके की सड़क पर धूल इतनी ज्यादा है कि मुंह में कपड़ा बांधे बिना लोग इस मार्ग से गुजर नहीं सकते। सीधे लोगों की आंख व मुंह में धूल व मिट्टी घुसने का खतरा बना रहता है। भीड़ वाले मार्ग की सफाई से लेकर सड़क मरम्मत की ओर निगम प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। तेज रफ्तार वाहन के आने-जाने से पैदल चालक, साइकिल वाले और दोपहिया चालक खासे परेशान रहते हैं।*

**केस 2**

### बोरियाखुर्द बस्ती के बजरंग चौक से साहड़ा देव मार्ग वाली सड़क

*कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड स्थित बोरियाखुर्द बस्ती के रहवासी इलाके की सड़क खस्ताहाल है। बजरंग चौक से साहड़ा देव चौक तक की सड़क मरम्मत का प्रस्ताव दिया गया है, पर सड़क मरम्मत का काम अब तक शुरू नहीं हुआ। इसी तरह वीर सावरकर वार्ड में 20 साल पुरानी कंक्रीट की सड़क की लंबे अरसे से मरम्मत नहीं होने से कंक्रीट पूरी तरह उखड़ गया है। लोगों का कहना है कि बारिश के समय यहां 3 फीट तक गंदा पानी भर जाता है। हीरापुर में ज्ञान भारती स्कूल के पीछे वाली सड़क खस्ताहाल होने से हीरापुर बस्ती और हाउसिंग बोर्ड कालोनी के रहवासी त्रस्त हैं। लोक निर्माण विभाग ने सड़क मरम्मत के लिए टेंडर लगाया है।*

**केस 3**

### देवेन्द्र नगर की सेक्टर 2 की सड़क

*शहीद हेमू कालाणी वार्ड स्थित देवेन्द्र नगर सेक्टर 2 इलाके में गुजराती स्कूल से मुख्य मार्ग तक की सड़क पर डामर की परत उखड़ गई है। जोन 2 कमिश्नरी ने सीसी रोड पर पेचवर्क कराने काम शुरू कराया, पर खस्ताहाल सड़क की दशा नहीं सुधर पाई। इसी तरह देवेन्द्र नगर की अलग-अलग 16 सड़कों की मरम्मत के लिए लोक निर्माण विभाग ने नगर निगम से एनओसी मांगी है। जोन अध्यक्ष बंटी होरा ने बताया कि जोन से इसकी एनओसी दे दी गई है। जल्द ही सड़क मरम्मत का काम प्रारंभ होगा।*

# पंजाब का युवक चेन स्नैचिंग करने के आरोप में गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





राजेंद्र नगर, कोतवाली तथा तेलीबांधा थाना क्षेत्र में तीन चेन स्नैचिंग की घटना को अंजाम देने के आरोप में पुलिस ने पंजाब के एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चेन स्नैचिंग करने के आरोप में जिस युवक को गिरफ्तार किया है, उसने तीनों स्नैचिंग की घटना एक्टिवा से की थी। घटना करने के समय दोपहिया की नंबर प्लेट ट्रेस न हो, इसके लिए आरोपी नंबर प्लेट को मिट्टी से पोत देता था।

- पुलिस गिरफ्त में आए बदमाश ने तीन चेन स्नैचिंग की घटना को अंजाम दिया था
- युवक पंजाब में पूर्व में एनडीपीएस के आरोप में जेल जा चुका है

पुलिस के मुताबिक अमृतसर निवासी मनप्रीत सिंह मान को चेन स्नैचिंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मनप्रीत ने 28 अक्टूबर को एक ही दिन में राजेंद्र नगर तथा कोतवाली थाना क्षेत्र में दो चेन स्नैचिंग की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस के अनुसार घटना को अंजाम देने के बाद मनप्रीत पंजाब लौट जाता था। पुलिस मनप्रीत को अमृतसर से गिरफ्तार कर रायपुर लाई है। पुलिस के अनुसार मनप्रीत पूर्व में पंजाब में नारकोटिक्स एक्ट के तहत जेल जा चुका है। मनप्रीत रायपुर में अपने परिचित के यहां आकर रुकता था।

# वेतन विसंगति मुद्दे पर सहायक शिक्षक आज निकालेंगे पैदल मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने, क्रमोन्नत वेतनमान देने, प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा की गणना कर पूर्ण पुरानी पेंशन देने की मांग को लेकर शिक्षक संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारी 25 नवंबर को पैदल मार्च कर मंत्रालय में ज्ञापन सौंपेंगे। कार्यक्रम में शिक्षक मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष व ब्लाक अध्यक्ष शामिल होंगे।

- शिक्षक संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारी मंत्रालय में सौंपेंगे ज्ञापन
- जिलाध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष पैदल मार्च में होंगे शामिल

दरअसल, छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनर में शिक्षकों के 4 बड़े संगठनों ने मिलकर शिक्षक संघर्ष मोर्चा का गठन किया है। इसके द्वारा चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। शिक्षक मोर्चा के प्रदेश संयोजक मनीष मिश्रा, संजय शर्मा, विकास राजपूत, वीरेन्द्र दुबे, चंद्रशेखर तिवारी ने संयुक्त रूप से बताया कि एलबी संवर्ग के शिक्षक मोदी की गारंटी को अब तक लागू नहीं किए जाने से नाराज हैं। प्रदेश भाजपा के घोषणापत्र में सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने, क्रमोन्नत वेतनमान देने का वादा किया गया है, इसके साथ ही प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा गणना कर पुरानी पेंशन देने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है।




मनीष मिश्रा ने बताया कि 25 नवंबर को शिक्षक मोर्चा के पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष व ब्लाक अध्यक्ष दोपहर 1 बजे इंद्रावती भवन से महानदी भवन तक पैदल मार्च कर मंत्रालय में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव और वित्त सचिव को अपनी मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपेंगे।


# पिछली बार 17.5 तक पहुंचा पारा, इस बार पंद्रह से नीचे उतरा, अब बदलाव नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हवा की दिशा बदलने के दो दिन पहले शहर में नवंबर का सबसे कम न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। पिछले साल रात का तापमान 17.5 तक लुढ़का था, जो इस बार 14.9 तक जा पहुंचा, जिससे सुबह के वक्त ज्यादा ठंड महसूस हुई। अब शहर की ठंड में बढ़ोतरी होना संभव नहीं है, क्योंकि हवा की दिशा में बदलाव होने वाला है। राजधानी में वर्ष 2022 में न्यूनतम तापमान 13 डिग्री तक पहुंचा था, जो दस साल का कम पारा का रिकार्ड है।

- वर्ष 2022 में 13 डिग्री सेल्सियस का रिकार्ड अभी भी कायम

नवंबर के तीसरे सप्ताह में इस बार राज्य में अच्छी ठंड पड़ी है। सरगुजा संभाग में तो शीतलहर के हालात बन गए थे और तापमान छह से आठ डिग्री तक जा पहुंचा था, रायपुर में ठंड का प्रभाव महसूस हुआ। मौसम विभाग के विशेषज्ञों के अनुसार पिछले चौबीस घंटे में रायपुर का न्यूनतम तापमान 14.9 डिग्री दर्ज किया गया है, जो इस माह का न्यूनतम तापमान है। आने वाले दिनों में पारा नीचे जाने के बजाए ऊपर की ओर खिसकेगा। आंकड़ों की मानें, तो वर्ष 2022 में 27 नवंबर को तापमान 13 डिग्री दर्ज किया गया था, जो पिछले दस साल में सबसे कम है। विशेषज्ञों का तर्क है, इस बार ठंड का प्रभाव सामान्य से अधिक रहने की संभावना है, जिसका असर नवंबर में ही दिखाई दे रहा है।



माह के चौथे सप्ताह में रात के तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी होने के आसार हैं, क्योंकि आने वाली पूर्व की हवा अपने साथ समुद्री नमी लेकर आएगी। इसके बाद दिसंबर की शुरुआत में पुनः ठंड की वापसी होगी, जिसका असर नवंबर की तुलना में ज्यादा रहेगा।

# दो अलग-अलग सूने मकान में चोरों ने कैश, जेवर सहित 10 लाख के माल पर किया हाथ साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजेंद्र नगर तथा आजाद चौक थाना क्षेत्र में चोरों ने दो सूने मकानों में दबिश देकर 10 लाख रुपए कैश सहित 10 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में जिस एयरपोर्ट कर्मी के यहां चोरी की है, वहां से सीसीटीवी कैमरा तथा डीवीआर चोरी कर साथ ले गए हैं। आसपास के घरों में सीसीटीवी कैमरा नहीं होने की वजह से चोरों के बारे में पतासाजी करने में पुलिस को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

- घटना राजेंद्र नगर तथा आजाद चौक थाना क्षेत्र की
- जिनके यहां चोरी हुई उनमें एक एयरपोर्ट कर्मी, दूसरा सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी

पुलिस के मुताबिक अमलीडीह पियूष कालोनी निवासी पुरानिक प्रसाद सोनवानी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। पुरानिक ने पुलिस को बताया है कि वह शुक्रवार सुबह साढ़े नौ बजे घर का दरवाजा बंद कर एयरपोर्ट चला गया, पत्नी ऑफिस तथा बच्चे स्कूल चले गए। दोपहर दो बजे पुरानिक की बेटी स्कूल से घर लौटी तो उसने देखा, घर के मेन गेट का ताला टूटा हुआ है। घर के सामान के साथ अलमारी खुली हुई थी। चोरों ने अलमारी में रखी नकदी सहित तीन लाख रुपए से ज्यादा के जेवर पर हाथ साफ कर दिया था।



### बेटी से मिलने गई मां के घर चोरी

आजाद चौक थाने में समता कालोनी निवासी सेवानिवृत्त बैंक कर्मी गोपाल शरण उपाध्याय ने अज्ञात चोर के खिलाफ नकदी दो लाख सहित छह से सात लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई है। गोपाल शरण ने पुलिस को बताया है कि वह धार्मिक यात्रा पर गया था। इस वजह से उसकी पत्नी गुरुवार शाम के समय घर को लॉक कर वीआईपी रोड स्थित अपनी बेटी के यहां चली गई। शुक्रवार को गोपाल शरण और उनकी पत्नी घर लौटे तो देखा, अज्ञात चोर घर का दरवाजा तोड़ कर अलमारी तथा लॉकर खोल नकदी तथा जेवर चोरी कर ले गए हैं।

# दुकान का ताला तोड़कर 40 हजार की चोरी

**रायपुर।** डीडीनगर थाने में एक जनरल स्टोर्स के संचालक ने अज्ञात के खिलाफ दुकान का ताला तोड़कर नकदी पांच हजार रुपए सहित दुकान से सिगरेट, कोल्ड्रिंक सहित 40 हजार रुपए के सामान चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, संदीप कुमार चीचड़ ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। संदीप ने पुलिस को बताया कि चंगोराभाठा स्थित उसके दुकान का ताला तोड़ अज्ञात चोर नकदी सहित सामान चोरी कर ले गया।

**शहर में सबसे ज्यादा अवैध प्लाटिंग के मामले जोन-10 क्षेत्र में**

# कलेक्टर के निर्देश पर जिस भूमि को किया गया था ब्लॉक, वहां बाउंड्रीवाल से लेकर मकान तक तन गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला प्रशासन के निर्देश पर जिस खसरा नंबर की भूमि को ब्लॉक किया गया था। उस भूमि पर भू-माफिया द्वारा बिना अनुमति के बाउंड्रीवाल करने के साथ मकानों का निर्माण भी कराया जा रहा है।

शहर के अमलीडीह, देवपुरी इलाके में तत्कालीन कलेक्टर डा. सर्वेश्वर भुरे ने अवैध प्लाटिंग के मामले में दर्जनों खसरा नंबरों की जमीन को ब्लॉक कराया था। ब्लॉक किए जाने के बाद इन खसरों की जमीनों पर अवैध प्लाटिंग पर रोक भी लगी थी, लेकिन पिछले कुछ महीनों से ब्लॉक खसरों की जमीन पर दोबारा अवैध प्लाटिंग का खेल शुरू हो गया है। अवैध प्लाटिंग के साथ भू-माफिया ब्लॉक की गई जमीन को बाउंड्रीवाल से घेरकर यहां अवैध रूप से मकानों का निर्माण कराकर बेचने भी लगे हैं। इसकी शिकायतें जोन कार्यालय में भी की गई हैं, लेकिन अब तक इस मामले में अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। इधर इस क्षेत्र के जोन कमिश्नर का कहना है कि शिकायत आने पर संबंधित भूमि स्वामियों को नोटिस जारी किया जाएगा।




### निगम क्षेत्र में 398 खसरे किए गए ब्लॉक :

डेढ़ वर्ष पूर्व निगम क्षेत्र अंतर्गत अवैध प्लाटिंग के कुल 398 खसरों को भी ब्लॉक किया गया था। उक्त खसरा नंबरों के तहत कुल 41.6477 हेक्टेयर जमीन की रजिस्ट्री पर रोक लगाई गई है। इन प्रकरणों में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। कार्रवाई नहीं किए जाने से भू-माफिया दोबारा ब्लॉक की गई कई जमीनों पर अवैध प्लाटिंग करना शुरू कर चुके है।

### शिकायत मिली है नोटिस जारी करेंगे

अमलीडीह में बीएसयूपी कालोनी के पास एवं देवपुरी क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग की शिकायत मिली है। इस मामले में भू स्वामियों को नोटिस जारी कर अवैध निर्माण स्वयं से हटाने के लिए कहा जाएगा। इसके बाद भी हटाया नहीं गया, तो कार्रवाई करेंगे। खसरा ब्लॉक की जमीन पर मकान बने हैं, तो उसे भी तोड़ा जाएगा। 92 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज करने थानों में आवेदन दिए हैं।

*- राकेश शर्मा, कमिश्नर, जोन-10 रायपुर*

# बिहान समूह के कार्यों को भारत सरकार के एडिशनल सेक्रेटरी ने सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के एडिशनल सेक्रेटरी चरणजीत सिंह ने शनिवार को धमतरी जिले के नारी और चर्रा गांव का दौरा कर बिहान समूह की महिलाओं से मुलाकात की और उनके द्वारा संचालित गतिविधियों का अवलोकन किया। एडिशनल सेक्रेटरी ने बिहान के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत एवं स्वावलंबी बनाने किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और कहा, बिहान समूह से जुड़कर महिलाओं में जागरूकता और आर्थिक स्वावलंबन की भावना विकसित हुई है। एडिशनल सेक्रेटरी श्री सिंह आज छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय प्रवास पर रायपुर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक सिंह से मुलाकात कर छत्तीसगढ़ के लिए नये प्रोजेक्ट्स की संभावनाओं पर चर्चा की।

इसके बाद धमतरी ज़िले के कुरुद विकासखंड के नारी एवं चर्रा गांव पहुंचे और वहां बिहान समूह की महिलाओं द्वारा किये जा कार्यों का अवलोकन किया। यहां कृषि आधारित उत्पाद, पशुपालन, ग्रीन आर्मी की महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों को सराहा। श्री सिंह ने विशेष पिछड़ी जनजाति कमार परिवारों के स्वावलंबन के कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने महिलाओं से बिहान अंतर्गत आजीविका गतिविधियों से हो रही आय व्यय के बारे में भी पूछा।

## खबर संक्षेप

### मरीजों के परिजनों को निशुल्क भोजन वितरित



**रायपुर।** अवाम-ए-हिंद सोशल वेलफेयर कमेटी निर्धन, असहाय, जरूरतमंदों के प्रति अपने नैतिक जिम्मेदारी व दायित्वों के निर्वहन में 28 वर्षों से निरंतर कार्य करती आ रही है। इसी कड़ी में शनिवार को संस्थापक मो. सज्जाद खान अपनी टीम और सहयोगकर्ताओं के साथ संचालित सुपोषण अभियान के तहत निशुल्क भोजन सेवा कार्य के सफलतापूर्वक 1700 दिन पूर्ण कर निर्धन, जरूरतमंदों तथा शासकीय डीकेएस, आंबेडकर अस्पताल में मरीजों के परिजनों को निशुल्क भोजन एवं मौसमी फल (सेब, केला, मौसंबी) का वितरण कर अपने दायित्वों का निर्वहन किया। इस मौके पर संस्थापक मो. सज्जाद खान ने बताया कि इस कार्यक्रम में राजेंद्र शर्मा, सैय्यद जाकिर हुसैन, पं. अनिल शुक्ल, महावीर जैन, जुबैर खान, बलराम कश्यप, प्रीति जैन, राजकुमार साहू, मनोज, वसीम अकरम, मोतीचंद जैन, आशीष गढ़ेवाल, कुलविंदर सिंह एवं अन्य सदस्यों द्वारा इस मानवीय कार्य में सहयोग प्रदान किया गया।

### उत्तमा को पीएचडी

**रायपुर।** कलिंगा यूनिवर्सिटी ने भनपुरी निवासी उत्तमा शर्मा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय बायोटेक्नोलॉजी विषय के सर्पगंधा (राउवोल्फिया सर्पेंटिना) के फाइटोकेमिकल और जैव प्रौद्योगिकी मूल्यांकन का एक अध्ययन था। उन्होंने अपना शोधकार्य कलिंगा यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर और एचओडी डॉ. सुषमा दुबे के निर्देशन में पूर्ण किया।

### छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक

**रायपुर।** ठाकुर प्यारेलाल सिंह मार्ग हांडीपारा स्थित छत्तीसगढ़ी भवन में शनिवार को राज्य आंदोलनकारी छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में बैठक हुई। बैठक शहीद वीरनारायण सिंह की प्रतिमा लगवाने वाले राज्य आंदोलनकारियों द्वारा शहादत स्थल जयस्तंभ चौक पर चतुर्थ बलिदान दिवस 10 दिसंबर को मनाने का निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 1 बजे से होगा। साथ ही प्रसिद्ध पंडवानी कलाकार चेतन देवांगन का शहीद वीरनारायण सिंह के वीरगाथा पर आधारित पंडवानी कार्यक्रम होगा। साथ ही बुद्धिजीवियों द्वारा शहीद वीरनारायण सिंह की वीरता, शौर्य गाथा पर संगोष्ठी भी होगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया है, जिसके अध्यक्ष एवं प्रभारी राज्य आंदोलनकारी छसपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष अनिल दुबे हैं। बैठक में जीपी चंद्राकर, दीनदयाल वर्मा, जागेश्वर प्रसाद, लालाराम वर्मा, चेतन देवांगन, वेगेंद्र सोनवेर, गोवर्धन वर्मा, अशोक कश्यप, श्यामू राम सेन, चंद्रप्रकाश साहू, विमल ताम्रकार प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### झांसा देकर छात्रों से 18 लाख रुपए की ठगी

**रायपुर।** सरस्वती नगर थाना में 21 छात्रों ने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कराने वाले इंदौर के एक कोचिंग सेंटर संचालक के खिलाफ 18 लाख रुपए की ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। छात्रों ने पुलिस को बताया है कि कोचिंग सेंटर संचालित करने वाली संस्था ने उनसे शुल्क लेने के बाद ब्रांच शिफ्ट करने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया। आजाद चौक सीएसपी अजय कुमार के मुताबिक छात्रों ने कौटिल्य अकादमी के संचालक तांडेश्वर तथा रूबी मजूमदार के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। छात्रों ने पुलिस को बताया है कि कौटिल्य अकादमी के संचालक ने कोचिंग देने के नाम पर उनसे शुल्क ले लिया।

## खबर संक्षेप

### सत्संग कार्यक्रम स्थगित

**महासमुंद।** मुनींद्र धर्मार्थ ट्रस्ट कुरुक्षेत्र हरियाणा के सौजन्य में संत रामपाल जी महाराज के सानिध्य में एक दिवसीय सत्संग, दहेज मुक्त आदर्श विवाह का आयोजन महासमुंद जिला के दादा बाड़ा मैदान में पूरी तैयारी होने के पश्चात कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गया। कार्यक्रम संयोजकों ने बताया कि संत रामपाल जी महाराज का कथन है कि सत्संग को सुनने के बाद जिला से हजारों की संख्या में उनके अनुयाई पूर्ण रूप से नशामुक्त हो चुके हैं और आज इस सत्संग के माध्यम से एक जोड़ी का दहेज मुक्त आदर्श युवा संपन्न होने के साथ 200 लोगों के देह दान संकल्प शिविर अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गया।

### ट्रेन से कटकर महिला की मौत

**रायपुर।** कबीर नगर थाना क्षेत्र में शनिवार को एक महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

# विधायक ने भाजपाइयों के साथ सुनी पीएम के "मन की बात"

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 116वें एपिसोड का प्रसारण हुआ। महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने अपने निवास में भाजपा के नेताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण देखा। इस बार भी प्रधानमंत्री ने अलग-अलग क्षेत्रों व मुद्दों पर चर्चा की।

मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछली बार की तरह डिजिटल अरेस्ट के संबंध में कहा कि लोगों को समझाना होगा कि सरकार में डिजिटल अरेस्ट का कोई प्रावधान नहीं है। यह एक झूठ है, जो लोगों को फंसाने की साजिश है। इससे पहले एपिसोड में उन्होंने डिजिटल अरेस्ट जैसे फ्रॉड से बचने के लिए तीन स्टेप रुको, सोचो और एक्शन लो, को अपनाने की बात कही थी। इसके साथ ही कहा कि 2024 तक एनसीसी में 20 लाख से ज्यादा युवा जुड़े हैं। एनसीसी में लड़कियों की संख्या बढ़कर लगभग 40 प्रतिशत हो गई है, जो एक बड़ा बदलाव है। एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और सेवा की भावना विकसित करती है। किसी भी आपदा की स्थिति में एनसीसी कैडेट मदद के लिए मौजूद रहते हैं। इसके अलावा उन्होंने स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती के संबंध में कहा कि 11-12 जनवरी को दिल्ली के भारत मंडपम में युवा विचारों का एक महाकुंभ आयोजित किया जाएगा। देश में एक लाख नए युवाओं को राजनीति से जोड़ने के लिए विशेष अभियान भी चलाए जाएंगे। वहीं इन सबके अलावा उन्होंने युवाओं के सोशल वर्क पर चर्चा करते हुए बताया कि कुछ युवाओं ने समूह बनाकर विभिन्न मुद्दों को सुलझाने का प्रयास किया है। चेन्नई में 'प्रकृति अरिवगम' के नाम से बच्चों के लिए बनाई गई लाइब्रेरी के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने गुयाना यात्रा, इंडियन डाइसपोरा स्टोरीज, कचरे से कंचन इनीशिएटिव पर भी चर्चा की।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष श्याम साकरकर, वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश साहू, एमआर विश्वनाथन, सुनील पटेल, नामदेव साहू, रामेश्वर पांडे, छबिंद्र पटेल, संतु यादव, भोजराम ध्रुव, गोपी ध्रुव, टीकाराम पटेल, रामदयाल यादव, हरेंद्र साहू, पवन साहू, योगेश पटेल, होरीलाल पटेल, धनेश सिन्हा, तुलस साहू, हेमलाल चंद्राकर, देवेंद्र राय, विश्वनाथ धीवर, तोषण सेन, पोषण निर्मलकर, हनीश बग्गा, दिनेश रुपरेला, भैरव पाल सहित अन्य उपस्थित थें।

# किसानों ने अनेक मांगों को लेकर क्षेत्रीय सांसद को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा




प्रदेश के सीमावर्ती ग्राम मुनगासेर में 24 नवम्बर रविवार को नवीन शाखा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक 72वीं का शुभारंभ मुख्य अतिथि महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी ने किया। इस दौरान इस क्षेत्र के किसानों ने सांसद को मांग पत्र भी सौंपा। जिसमें मुख्य रूप से प्राथमिक साख सहकारी समितियों में बारदाने की व्यवस्था किया जाए।

जिससे किसानों को धान उपज बेचने में परेशानी न हो। ग्राम मुनगासेर से बिहाझर मार्ग का सड़क चौड़ीकरण व मुनगासेर व बोडरीदादर से कोमाखान चौखड़ी तक सड़क चौड़ीकरण, विधानसभा चुनाव में किसानों से किए गए वादे सभी ग्राम पंचायतों में केश- काउंटर जल्द खोलने की मांग की। जिससे किसानों को समर्थन मूल्य पर बेचे गए धान का भुगतान पंचायत भवन में किया जाए। 14 नवंबर से खरीदी केंद्रों में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जा रही है।

परंतु, धान की नमी के नाम पर किसानों को खरीदी केन्द्र से धान को लौटाया जा रहा है, इससे किसान को लाने ले जाने में अतिरिक्त भार पड़ रहा है, धान की नमी 17 प्रतिशत से अधिक होने पर लौटाया जा रहा, जिससे किसानों को दोहरा भार पड़ रहा है।

मांग पत्र सौंपने वाले में प्रमुख रूप से किसान जितेंद्र क्षत्रिय, कोमल साहू, कार्तिक चक्रधारी, रवि शंकर चंद्राकर, पुनीत साहू, ललित चंद्राकर, पुष्कर चंद्राकर, नारायण चंद्राकर, भोजलाल चक्रधारी, नोहर चक्रधारी, युगेंद्र, हिमांचल चक्रधारी, तरुण चंद्राकर, उमाशंकर साहू, मोपेंद्र साहू, एनकुमार साहू, नेमीचंद चंद्राकर, गुणाकार, कुंदन साहू, देवशरण ठाकुर, तेजराम, इशुराम, योगेश, मूलचंद साहू सहित किसान बड़ी संख्या में किसान व ग्रामीण उपस्थित रहें।



## नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ ने 4 सूत्रीय मांगों को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ ने शनिवार को विधायक कार्यालय पहुंचकर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने बताया कि उनकी 4 सूत्रीय मांग है, जिस पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने उनकी मांगों को सुना और इस संबंध में शासन तक उनकी मांग रखने का आश्वासन दिया है। जिले के अलग-अलग नगरीय निकायों से आए प्लेसमेंट कर्मचारियों ने बताया कि उनकी 4 सूत्रीय मांग है, जिसमें नगरीय निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को निकायों से सीधे वेतन का भुगतान किया जाए। समस्त नगरीय निकायों से प्लेसमेंट ठेका प्रथा को समाप्त किया जाए। समस्त नगरीय निकायों के प्लेसमेंट कर्मचारियों को 4000 श्रम सम्मान राशि प्रदान किया जाए, निकाय में 05, 10, 15, 20 वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों को नियमित किया जाए। इस प्रकार कर्मचारियों ने अपनी मांग ज्ञापन के माध्यम से विधायक के समक्ष रखी। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कर्मचारियों से चर्चा की। साथ ही उनसे उनकी मांगों के संबंध में बिंदुवार बातचीत की। फिर उनकी मांगों को शासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया है। इस दौरान छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष हीरालाल चौहान, दिलीप साहू, प्रहलाद सागर, टिकेश्वरी मिरी, संतोष साहू, पन्नालाल साहू, संतोष प्रधान, सुभद्रा कोसरिया, मोहर सारथी, दुलेश साहू, ममता महानंद, सावित्री बाई, सोनू तांडी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थें।

# रायपुर दक्षिण विस उपचुनाव में सुनील की जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



राजधानी रायपुर के सेजबहार में 23 नवंबर को रायपुर दक्षिण विधानसभा के उपचुनाव की मतगणना हुई। इस दौरान पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा भी सेजबहार इंजीनियरिंग कॉलेज में मतगणना में उपस्थित रहे। भारतीय जनता पार्टी से सुनील सोनी ने कांग्रेस के आकाश शर्मा को हराकर भारी मतों से विजयी हुए। सुनील सोनी ने कांग्रेस के आकाश शर्मा को 46,167 वोटों से हराया। वहीं सुनील सोनी को कुल 89,220 वोट मिले। जीत के बाद सुनील सोनी ने रायपुर दक्षिण विधानसभा के विधायक पद की शपथ ली। शपथ के दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री व रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, भाटापारा विधायक शिवरतन शर्मा, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सन्निर्माण एवं कर्मकार मंडल मोहन एंटी के साथ बड़ी संख्या पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। डॉ. चोपड़ा को रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में सिविल लाइन मंडल क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई थी, जहां बड़े अंतर और बढ़त के साथ जीत हासिल की गई।

बता दें कि पूर्व में रायपुर दक्षिण विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भी डॉ. चोपड़ा ने दक्षिण विधानसभा का प्रभार संभाला था। दोनों चुनावों में बड़ी जीत दर्ज की गई थी। रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर जीत के बाद बीजेपी के कार्यकर्ताओं में ख़ुशी का माहौल है।

पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा ने सुनील सोनी को जीत की बधाई देते हुए जीत को कार्यकर्ताओं और जनता की जीत बताया। साथ ही कहा कि भाजपा सरकार के ग्यारह महीनों के सुशासन और कल्याणकारी योजनाओं व कार्यों को देखते हुए लोगों ने भरोसा बरकरार रखते हुए पिछले बार के चुनावों की तरह इस बार भी उप चुनाव में बड़ी जीत दर्ज कराई है।



## परसुली सोसायटी में लोचन ने संभाला पदभार

**नर्रा।** कृषक सेवा सहकारी समिति परसुली के प्राधिकृत अध्यक्ष लोचन पटेल ने पदभार ग्रहण किया। समिति प्रभारी राजेश पटेल एवं तेजलाल साहू ने नवनियुक्त अध्यक्ष लोचन का फूलमाला पहनाकर एवं गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया गया। इस दौरान कलाराम नायक, नवीन पटेल, पन्नालाल साहू, जगदीश पटेल, नंदराम पांडे, चिंतामणि चंद्राकर सहित किसान एवं सोसायटी के कर्मचारी उपस्थित रहे।



## बरोंडाबाजार सोसाइटी में अध्यक्ष का शपथ ग्रहण हुआ

**महासमुंद।** शुक्रवार को सहकारी समिति बरोंडाबाजार में नवनियुक्त अध्यक्ष नामदेव साहू (नाथूराम) का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा रहे। अन्य अतिथि में श्याम साकरकर महासमुंद भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष, पवन पटेल (पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष), प्रेम चंद्राकर, मुन्ना साहू, संदीप घोष, आनंद साहू, हरेंद्र साहू, निहाल देवांगन, लोचन चक्रधारी, संतराम चक्रधारी, अमृत विश्वकर्मा, संतोष साहू, तेज साहू, प्रेमू विश्वकर्मा, प्रेमनाथ, संतराम, बेनीराम, छबिराम, मूलचंद वैष्णव, रिखीराम, चंद्रशेखर चंद्राकर, गेमन साहू, किशन देवांगन, दिनेश साहू, नाथूराम, कमलेश साहू, नेतन पटेल, छन्नू ध्रुव सरपंच बरोंडा बाजार, पटवारी बिंद्धु, सचिव योगेश्वरी, समिति व्यवस्थापक रोमश साहू, प्रदीप साहू, कर्मचारीगण नीलम, घनश्याम, भोला, हीरालाल, ऐश निषाद, बसंत, पोखराज, दीनदयाल, भुनेश्वर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र साहू ने किया।

## शहरवासियों को शुद्धता जांच के बाद ही हो पेयजल आपूर्तिः सीएमओ

**महासमुंद।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी विजय पांडेय ने शनिवार को शहर में पेयजल आपूर्ति के लिए संचालित कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने मुढ़ेना में स्थापित इंटेकवेल तथा बेलसोडा स्थापित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बेलसोंडा में स्थापित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में पानी की शुद्धता जांच पश्चात ही नगरवासियों को पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने शहर के सभी घरों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय तथा सतकर्ता बरतने के निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ पालिका के उपअभियंता दिलीप कश्यप, स्वच्छता प्रभारी दिलीप चंद्राकर व अन्य मौजूद रहे।

# गौरभाट रेत घाट नीलामी मामले की जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के आरंग ब्लॉक अंतर्गत गौरभाट रेत घाट नीलामी की जांच शुरू कर दी गई है। इसकी जांच क्षेत्र की तहसीलदार सीता शुक्ला द्वारा की जा रही है।

उनका कहना है कि कलेक्टर के निर्देश पर इस मामले की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद इसकी रिपोर्ट प्रशासन को भेजी जाएगी, जिस पर प्रशासन कार्रवाई करेगा। गौरभाट के ग्रामीणों ने गांव में एक बैठक आयोजित कर घाट की नीलामी के लिए बोली लगवाई थी, जिसका विडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। इस विडियो की पुष्टि करने के लिए हरिभूमि की टीम ने गांव पहुंचकर घाट नीलामी की वास्तविकता को जानने ग्रामीणों से बात की थी। इस बातचीत में ग्रामीणों ने नीलामी की खबर को सही बताया था। ग्रामीणों ने बताया था कि सरपंच एवं पंचों की मौजूदगी में इस घाट की नीलामी 1 करोड़ 4 लाख रुपए में की गई है। 6 महीने के लिए इस घाट को ठेके पर दिया गया है। इसके बदले एडवांस के रूप में ठेकेदार भोलू चंद्राकर निवासी ग्राम छटेरा से 50 हजार रुपए पंचायत में जमा भी कराया गया है।

# एसएसपी ने कहा- बदले जाएंगे वर्षों से जमे थाना चलाने वाले सेटिंगबाज पुलिसकर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बदमाशों पर अंकुश लगाने पुलिस लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है, बावजूद इसके तारीफ होने के बजाय पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर अंगुली उठ रही है। इसकी वजह थानों में लंबे अरसे से जमे निचले स्तर के पुलिसकर्मियों की करतूत है। ऐसे ही एक पुलिसकर्मी की करतूत की वजह से टिकरापारा थाना क्षेत्र में पेशे से ऑटो मेकैनिक मोहम्मद शहजाद शेख खुदकुशी जैसा आत्मघाती कदम उठाने के लिए मजबूर हुआ।

उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने शनिवार को ही खबर प्रकाशित की थी। हर थाने में कुछ पुलिसकर्मी कई सालों से जमे हैं। वे सेटिंग से


थानों में वर्षों से जमे पुराने सिपाही कर रहे वसूली का काम
**शहर के दर्जनभर थाने, जहां 'महेश' जैसे सिपाहियों के नाम का चलता है सिक्का**

लेकर वसूली तक, हर काम में माहिर हैं। उस वजह से थाना प्रभारी बदलने से सिस्टम नहीं बदल पाता है। टिकरापारा की घटना को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी डॉ. संतोष सिंह थानों में वर्षों से जमे पुलिसकर्मियों को पुलिस लाइन भेजने के साथ अन्य थानों में तबादला करने की तैयारी में जुट गए हैं। एसएसपी के मुताबिक जल्द ही थानों में बड़ी सर्जरी की जाएगी। थानों में लंबे अरसे से जमे पुलिसकर्मियों की सूची तैयार कर ली गई है।

### थानों में हिस्ट्रीशीटरों का दबदबा

वर्षों से अलग-अलग थानों में जमे पुलिसकर्मियों का व्यवहार न्याय मांगने वालों के साथ कैसा रहता है, यह सभी जानते हैं। जिन बदमाशों का नाम पुलिस की हिस्ट्रीशीट में दर्ज है, उन बदमाशों का वर्षों से थानों में तैनात पुलिसकर्मियों की वजह से क्षेत्र के साथ थानों में दबदबा रहता है। इसका उदाहरण पैरोल पर छूटे बदमाश राजा बैझड़ है, जिसने पकड़ने गई पुलिसकर्मियों के साथ धक्का मुक्की की थी। पुलिस राजा को गिरफ्तार कर थाने लाई, तो उस बदामाश की थाने में कट्टे के साथ हंसते हुए फोटो सामने आई थी। इतना ही नहीं, बदमाश पुलिसकर्मियों के बीच में कट्टा लेकर खड़ा दिख रहा था।

## ब्लेंडेड मोड में पहली बार दिया जा रहा है सेवाकालीन प्रशिक्षण

# नई शिक्षा नीति के तहत जीव विज्ञान व्याख्याताओं को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान महासमुंद में प्राचार्य मीना पाणिग्रही, प्रशिक्षण प्रभारी अरुण प्रधान के मार्गदर्शन में विभिन्न विषयों के सेवाकालीन प्रशिक्षण आयोजित किए जा रहे हैं। जीव विज्ञान विषय के समन्वयक दुर्गा सिन्हा के निर्देशन में जिले के जीव विज्ञान व्याख्याताओं की चार दिन की ऑनलाइन ट्रेनिंग तथा तीन दिन का ऑफलाइन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। ऑफलाइन प्रशिक्षण 21 नवंबर से 23 नवंबर तक आयोजित किया गया।

इस प्रशिक्षण में सभी विकासखंड के चयनित व्याख्याता सम्मिलित हुए। इस प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर सुबोध कुमार तिवारी तथा विकास यादव ने प्रशिक्षण के विभिन्न मॉड्यूल के संबंध में प्रशिक्षणार्थियों को बताया। नई शिक्षा नीति 2020 छत्तीसगढ़ के स्कूलों में लागू किया गया है, जिसके संबंध में विस्तृत जानकारी डाइट में जीव विज्ञान की समन्वयक दुर्गा सिन्हा ने दिया। शिक्षा में सतत विकास के लक्ष्य, गुणवत्ता शिक्षा, शिक्षा में शिक्षकों का विकास एवं अन्य मॉड्यूल पर प्रशिक्षित दिया गया। प्रशिक्षण अवधि में अतिथि व्याख्यान के लिए माता करमा शासकीय महाविद्यालय की डॉ श्वेतलाना नागल ने फोल्ड स्कोप के विषय में एक्टिविटी आधारित जानकारी दी। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस 30 घंटे का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी व्याख्याताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। यह प्रमाण पत्र आगे चलकर उनकी क्रमोन्नति एवं पदोन्नति में उपयोगी होगा। इस प्रशिक्षण के सफल आयोजन में डाइट के सीनियर फैकल्टी के सिंग, उमा देवी शर्मा, राजेश चंद्राकर, सुमन दीवान, तिलोत्मा प्रधान, संतोष साहू, किरण कन्नौजे, ईश्वर चंद्राकर, झरना साहू, गरिमा सिंह राजपूत, मीना साहू, अजय, उदित, हीरामन का अमूल्य योगदान रहा। उक्त जानकारी विषय समन्वयक दुर्गा सिन्हा ने दी है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### तुमगांव के भोरिंग चौक में लगे सीसीटीवी कैमरे

**महासमुंद।** तुमगांव नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल व मुख्य नगर पालिका अधिकारी खीरसागर नायक व समस्त जनप्रतिनिधियों के प्रयास से अनेक विकास कार्य कराए जा रहे हैं। साथ ही नागरिकों की सुरक्षा व शांति के लिए अनेक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा भी लगवाया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर के मुख्य चौराहा भोरिंग चौक में 7 नग सीसीटीवी कैमरा लगवाया गया। पार्षद धर्मेंद्र यादव ने बताया कि शीघ्र ही नगर के भाठापारा, बगला पारा और सभी सार्वजनिक स्थानों पर नगर की सुरक्षा और शांति व्यवस्था के लिए सीसीटीवी कैमरा लगवाया जाएगा।

### जिले से 158 तीर्थयात्रियों का जत्था आज होगा रवाना

**महासमुंद।** राज्य सरकार द्वारा संचालित रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना के अंतर्गत महासमुंद जिले से चयनित 158 तीर्थयात्रियों का जत्था रवाना होगा। यह योजना धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने और नागरिकों को भगवान राम के पवित्र धाम अयोध्या के दर्शन कराने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से लागू की गई है। जिला नोडल अधिकारी के अनुसार, चयनित तीर्थयात्रियों में 88 ग्रामीण क्षेत्रों और 65 नगरीय निकायों से हैं। इनके साथ 5 एस्कॉर्ट अधिकारी भी यात्रा का हिस्सा होंगे। यह यात्रा न केवल धार्मिक अनुभव प्रदान करेगी, बल्कि अयोध्या की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता को भी समझने का अवसर देगी। चयनित यात्रियों का यह समूह 25 नवंबर 2024 को अयोध्या के लिए प्रस्थान करेगा। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने यात्रा की सफलतापूर्वक योजना और संचालन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं, जिसमें यात्रा के दौरान उनकी स्वास्थ्य सेवाओं और ठहरने की उचित व्यवस्था शामिल है। विदित हो कि रामलला दर्शन योजना राज्य सरकार का एक अभिनव प्रयास है, जिसका उद्देश्य धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहन देकर नागरिकों को आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करना है। यह यात्रा भगवान राम की नगरी अयोध्या की धार्मिक और ऐतिहासिक महत्ता से परिचित कराने का एक सशक्त माध्यम है।

### कस्तूरबा ट्रस्ट में 4 सेट सीसीटीवी कैमरा भेंट

**महासमुंद।** कस्तूरबा ट्रस्ट बेलसोंडा में स्व. रामकुमार गुप्ता की स्मृति में तृतीय पुण्यतिथि पर उनके सुपुत्र हेमंत गुप्ता द्वारा 4 सेट सीसीटीवी कैमरा प्रदान किया गया है। इस अवसर पर राजरानी गुप्ता, रुचि गुप्ता, सनत गुप्ता, मुकेश गुप्ता, दैविक, भूमिका, खुशबू, ट्रस्ट की प्रतिनिधि ज्योति कालीकोटी, हेमलता साहू, मनोरमा स्वाई, शाला विकास विकास समिति के अध्यक्ष प्रकाश साहू व ट्रस्ट के समस्त बच्चे उपस्थित रहे।

**जागरुक :** उभयलिंग व्यक्ति से बराबरी का व्यवहार करने पर दिया जोर

# उभयलिंगी को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए प्रत्येक की भागीदारी होनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार उभयलिंगी व्यक्ति अधिकारों का सरंक्षण अधिनियम 2019 (टीजी एक्स 2019), उभयलिंगी व्यक्ति अधिकारों का संरक्षण नियम के प्रावधानों व तृतीय लिंग समुदाय के अन्य मुद्दों पर जागरुकता कार्यकम के अंतर्गत शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे के मार्गदर्शन उभयलिंगी व्यक्ति के अधिकारों के प्रति जनजागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो, अजय कुमार राजा व राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी रासेयो एवं प्रकाशमणि साहू जनभागीदारी व्याख्याता रसायनशास्त्र मंचस्थ रहे।

डॉ. मालती तिवारी द्वारा तृतीय लिंग के प्रति जागरुकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बताते हुए कहा कि तृतीय लिंग समुदाय के व्यक्तियों को समाज की मुख्य धारा में लाने का प्रयास है। सामाजिक परिवर्तन लाने में शिक्षा आधारभूत भूमिका अदा करती है। समाज में विभिन्न प्रकार के भेदभाव देखने को मिलते है, जिसमें लिंग संबधी भेदभाव स्पष्ट देखने को मिलते है। इसी समाज में कई ऐसे वर्ग भी है, जो हमारी सामाजिक असंवेदनशीलता के चलते बदतर जीवन जीने के लिए मजबूर है, उनमें से एक वर्ग है- तृतीय लिंग समुदाय के व्यक्ति। जिसे हम हिजड़ा, किन्नर, सुसरा, उभयलिंगी, मुहगर, पावैया व कोती आदि नामों से जानते है। जागरुकता कार्यक्रम के माध्यम से तृतीय लिंग समुदाय के प्रति सकारात्मक व सहयोगात्मक दृष्टिकोण का विकास करना है। तृतीय लिंग व्यक्तियों की अपनी दृष्टिकोण और उनके प्रति दूसरों का दृष्टिकोण में बड़ा अन्तर रहा है। तृतीय लिंग समुदाय के व्यक्तियों को शिक्षा के दौरान विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जो कि समाज के लिए विचारणनीय है। अजय कुमार राजा ने तृतीय लिंग समुदाय सुधार के लिए किए जाने वाले कार्य जैसे समाज में तृतीय लिंग समुदाय के लिए कार्य करने वाले प्रेरक व्यक्तियों का सम्मान करना। तृतीय लिंग समुदाय को राष्ट्र की मुख्य धारा में जोड़ने का प्रयास, इनके शिक्षा के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करने का प्रयास करना, तृतीय लिंग परिवार को उनमुखीकरण की आवश्यकता, बच्चों का उनमुखीकरण की आवश्यकता, तृतीय लिंग बच्चों की पहचान कर अनुकुल अवसर प्रदान करने की आवश्यकता है। शिक्षा के माध्यम से थर्ड जेंडर के लिए समता मूलक समाज की स्थापना, तृतीय लिंग समुदाय के समाज के सोच में परिवर्तन लाने का प्रयास करना, संवेदनशील बनाने के लिए उनमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित करना हमारे द्वारा यह महत्वपूर्ण कार्य किया जा सकता है। राजेश्वरी सोनी ने बताया कि इस बार लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए थर्ड जेंडर द्वारा जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया। यदि सारे समाज का हमें विकास करना है, तो समाज के हर व्यक्ति पर हमें ध्यान देना पड़ेगा।

उभय लिंग व्यक्ति के प्रति हमें अपनी मानसिकता में परिवर्तन करना पड़ेगा। साथ ही बराबरी का व्यवहार करना होगा। व्यक्तियों से समाज बनता है और उभय लिंग व्यक्ति भी समाज का एक हिस्सा है, तो उसकी शिक्षा के लिए, उसके स्वास्थ्य के लिए, उसकी राजनीति में, समाज में एवं अन्य क्षेत्रों में हिस्सेदारी के लिए न्याय पालिका ने उन्हें कुछ अधिकार और हमें कुछ दायित्व दिए हैं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक दुर्गेश पटेल, मेघराज साहू, गोपी सिन्हा, रोशनी राजपूत, खुशबू कन्नौजे, शीतल देवांगन सहित अधिक संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन प्रकाशमणि साहू एवं संचालन स्वयंसेवक मनोज देवांगन ने किया।

# बागबाहरा में मितानिनों को किया गया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

पार्षद लोकेश्वर चंद्राकर ने बताया कि नगर पालिका परिषद बागबाहरा अंतर्गत समस्त मितानिनों (एमटी), (बीसी) का सम्मान किया गया।

बता दें कि समाज के हर वर्ग में हर घर तक पहुंचकर परिवार के एक एक व्यक्ति क़ो स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने एवं ख़ासकर महिलाओं के प्रसूति तक उनके हर कदम पर उनके साथ देने वाले, शासन की हर योजनाओं क़ो एक एक व्यक्ति तक पहुंचाने वाले इन मितानिनों को उनके कार्य अनुरूप सम्मान नहीं मिल पाता। इनके पास कार्यभार अधिक होता है। फ़रि भी वे अपने जिम्मेदारी का निर्वहन ईमानदारी से करते है। मितानिनों के इस सम्मान समारोह में अतिथि छाया विधायक अल्का चंद्राकर, मदन देवांगन (पूर्व पार्षद), पंकज हरपाल (पूर्व पार्षद), देवेश साहू (पूर्व पार्षद), राजकुमार महानंद, टेमा चंद्राकर, श्यामा चंद्राकर (पूर्व पार्षद), दुलारी चंद्राकर, मनिंदर सिंग सलूजा (नानू), दिनेश मोंगरे, रुखमणी चंद्राकर, मोहर प्रसाद पाठक, सतीश चंद्राकर, कमलेश चंद्राकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मितानिन कुंती निषाद, विद्या वैष्णव, भूमिजा चंद्राकर, धनिरानी नेताम, ऋतु वैष्णव, ललिता ठाकुर, खीरा सोनवानी, कौशिल्या दीवान, संतोषी विश्वकर्मा, ज्योति यादव, मालती जगत, अंजू महानंद, सस्मिता बघेल, भारती जगत, श्रद्धा चंद्राकर, रोशनी चौहान, लक्ष्मी ध्रुव, ज्योति साहू, ममता यादव, शिखा तांडी, संतोषिनी राजपूत, प्रेमलता पटेल, प्रेमलता साहू, शकुंतला पटेल, ईश्वरी साहू, मीरा पटेल, जनक बंजारे आदि का सम्मान किया गया।

## रंगोली में उकेरी आदिवासी संस्कृति...



**महासमुंद।** प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास महासमुंद में जनजातीय गौरव दिवस के अंतर्गत जनजातीय महापुरुषों के योगदान और समृद्ध जनजातीय संस्कृति पर आधारित विविध आयोजन किए जा रहे है। इसके अंतर्गत गीत, कविता, भाषण चित्रकारी, नाटक, लोकनृत्य जैसे जनजातीय संस्कृति से संबंधित आयोजन किए जा रहे है। कार्यक्रम का शुभारंभ लोकनायक बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस के रूप में 15 नवंबर से हुआ है। इसी के अंतर्गत छात्राओं ने रंगोली के माध्यम से आदिवासी संस्कृति को प्रस्तुत किया। लोकेश्वरी दीवान, नेत्रमणि ठाकुर, हेमा ठाकुर, कल्याणी सांवरा, आकांक्षा दीवान, खुशबू ठाकुर, गुंजन ठाकुर, मोनिका ध्रुव ने रंगोली में भाग लिया। छात्रावास अधीक्षिका रितु चंद्राकर ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके रंगोली कला की सराहना की तथा समृद्ध जनजातीय परंपरा की सराहना करते हुए महापुरुषों के देश के प्रति योगदान को याद किया।



## रबी फसल के लिए चरौदा जलाशय से पानी देने की मांग

**महासमुंद।** केशवा नाला जलाशय चरौदा (बांध) से रबी धान फसल के लिए पानी की मांग को लेकर गत दिनों ग्राम एमकेबाहरा में किसानों की बैठक हुई। बैठक में एमके बाहरा, चरौदा (बांध), पड़कीपाली, तेलीबांधा के किसान शामिल हुए। जिसमें आगामी रबी फसल की पूर्व तैयारी के मद्देनजर धान उत्पादन के लिए पानी की मांग को लेकर जिला कलेक्टर के समक्ष निवेदन के लिए निर्णय लिया गया है। जिसमें मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री, सांसद, विधायक से भी मुलाक़ात कर पानी की मांग से अवगत कराया जाएगा। वर्तमान समय में जलाशय में 24 फ़ीट पानी का भराव है। जिसमें किसानों द्वारा 300 एकड़ से ऊपर खेती की जा सकती है। एमकेबाहरा के सरपंच कमलनारायण साहू, ग्राम प्रमुख देवक राम साहू ने बताया कि जलभराव अच्छा होने के कारण बांध से पानी की मांग की जा रही है। विगत वर्ष की भांति अगर इस साल भी रबी फ़सल के लिए पानी छोड़ दिया जाये तो किसानों के आमदानी में इजाफ़ा होगा। साथ ही मजदूरों को भी गांव में ही रोजगार मिलेगा। बैठक में सरपंच कमलनारायण साहू, ग्राम प्रमुख देवक राम साहू, रामनारायण साहू, भुखन पटेल, देलू राम चंद्राकर, तिलक साहू, शंकर साहू, देवआनंद साहू, पोखन साहू, सरपंच असंत दीवान, विजय साहू, नारायण सिंह ठाकुर, मनी राम चंद्राकर, विष्णु लोहार, सतीश साहू, भगवत चंद्राकर, मेषण पटेल, सुरेंद्र पटेल आदि उपस्थित थे।

## राज्य स्तरीय योगासन चैंपियनशिप रायगढ़ में जिले की गायत्री ने जीता रजत पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन एवं जिला योगासन संघ रायगढ़ के तत्वावधान में 5वीं सीनियर एवं तीसरा मास्टर स्टेट लेवल योगासन स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप 2024 का आयोजन ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी रायगढ़ में आयोजित किया गया हैं। महासमुंद जिले से 4 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में शामिल हैं, जिसमें पीलाराम बरिहा, देवेंद्र कुमार दीवान, नेहा नायक, गायत्री पटेल शामिल हैं। प्रतियोगिता में ट्रेडिशनल, आर्टिस्ट सिंगल, आर्टिस्ट पेयर व रिदमिक पेयर इवेंट आयोजित है। जिसमें सीनियर वर्ग में 4 ग्रुप शामिल हैं। खिलाड़ियों ने विगत वर्षों से योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में शामिल होकर राष्ट्रीय स्तर एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में शामिल हो चुके हैं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के आधार पर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। जिले की गायत्री सरायपाली ने ट्रेडिशनल इवेंट में 28 से 35 वर्ष महिला सीनियर वर्ग में रजत पदक जीतने में सफल रही हैं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने एवं पदक जीतने के लिए जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन महासमुंद लक्ष्मण पटेल, खेल



अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे, योगासन स्पोर्ट्स संघ सचिव गणेश राम कोसरे, उपाध्यक्ष हिरेंद्र देवांगन, कोषाध्यक्ष सेवन दास मानिकपुरी, सहसचिव तोरण यादव, सत्यनारायण दुर्गा, भागवत साहू, चित्रा खटकर, मन्नू निषाद, टीकम साहू एवं पालकों ने हर्ष जताया है।

# शिक्षक संघर्ष मोर्चा पैदल मार्च कर मंत्रालय में आज सौपेंगे ज्ञापन

## शिक्षक मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्ष पैदल मार्च में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनर में शिक्षकों के चार बड़े संघ द्वारा एक होकर छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा का गठन किया गया है। इसके बैनर तले चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। इसी क्रम में 25 नवंबर को शिक्षक मोर्चा में शामिल सभी संघ के प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्ष दोपहर 1 बजे इंद्रावती भवन से महानदी भवन तक पैदल मार्च कर मंत्रालय में मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव, वित्त सचिव को मांगो का ज्ञापन सौंपेंगे।

25 नवंबर के ज्ञापन कार्यक्रम में शिक्षक मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्ष पैदल मार्च में शामिल होंगे। शिक्षक मोर्चा के जिला संयोजक नारायण चौधरी, दिनेश नायक, सुधीर प्रधान, शोभा सिंह देव पूर्णानंद मिश्रा, ईश्वर चंद्राकर, सिराज बक्श, राजाराम पटेल, केशव राम साहू, अर्चना तिवारी, दुर्वाशा गोस्वामी, राजेश प्रधान, राजेश साहू, बाबूलाल ध्रुव, विनोद यादव, प्रकाश बघेल, महेंद्र चौधरी, सदानंद भोई, गजेंद्र नायक, शरण दास, ललित साहू, मनोज राय, सादराम अजय, नंदकुमार साहू, विजय प्रधान, लालजी साहू, नरेश पटेल, कौतुक पटेल, खिलावन वर्मा, प्रदीप वर्मा, सालिक राम साहू ने कहा कि प्रदेश के एलबी संवर्ग के शिक्षक सम्मानीय नरेंद्र मोदी के गारंटी को अब तक लागू नहीं किए जाने से खासे नाराज है, छत्तीसगढ़ भाजपा के घोषणा पत्र में सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति को दूर करने, क्रमोन्नति वेतनमान देने, लंबित महंगाई भत्ता व देय तिथि से एरियर्स राशि देने का वादा किया गया है। इसके अलावा प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा की गणना कर पूर्ण पुरानी पेंशन देने, कुल 20 वर्ष की सेवा में केंद्र के समान पूर्ण पेंशन देने की मांग को लेकर शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले प्रदर्शन आंदोलन किया जा रहा है। शिक्षक मोर्चा ने कहा है कि सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति, क्रमोन्नति एवं केंद्र के समान महंगाई भत्ता देने का विषय विधानसभा चुनाव 2023 के घोषणा पत्र में भी शामिल है। अतः सरकार व शासन से शिक्षकों के पूर्व सेवा गणना मिशन के तहत जिन मुख्य 5 मांग को लेकर लगातार आंदोलन, प्रदर्शन, मांगपत्र दिया गया है।

जिसमें मोदी के गारंटी के तहत, सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर कर, समस्त एल बी संवर्ग को क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान किया जाए। समतुल्य वेतनमान (पुनरीक्षित वेतनमान) में सही वेतन का निर्धारण कर 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण किया जाए। पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के पुरानी पेंशन को निर्धारित करें एवं भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को जारी आदेश के समान 33 वर्ष में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान किया जाए। उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा याचिका में डबल बैंच द्वारा पारित निर्णय 28 फरवरी 2024 के तहत सभी पात्र एलबी संवर्ग के शिक्षकों के लिए क्रमोन्नति/समयमान का विभागीय आदेश किया जाए।

शिक्षक व कर्मचारियों को केंद्र के बराबर 01 जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाए तथा जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्ते के एरियर राशि का समायोजन जीपीएफ/सीजीपीएफ खाता में किया जाए। जिला संयोजकों ने जिला के प्रदेश पदाधिकारियों, ब्लॉक अध्यक्षों एवं जिला तथा ब्लॉक पदाधिकारियों से से 25 नवम्बर को आयोजित पैदल मार्च में सम्मिलित होने की अपील की है।

## नगर के अभ्यास स्कूल में टिटनेस टीकाकरण शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय अभ्यास प्राथमिक शाला में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बुधवार को विशेष टीकाकरण शिविर का आयोजन किया। शिविर में 10 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को टिटनेस का टीका लगाया गया। स्वास्थ्य अधिकारियों ने उपस्थित छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को टिटनेस के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि टिटनेस बैक्टीरिया के कारण होने वाला एक गंभीर संक्रमण है, जो घाव, चोट या गंदगी के संपर्क में आने से फैल सकता है। इससे बचाव के लिए समय पर टीकाकरण आवश्यक है। मौके पर प्रधान पाठक डेमेश्वरी गजेंद्र ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि इस प्रकार के शिविर अन्य स्कूलों में भी आयोजित किए जा रहे हैं ताकि अधिक से अधिक बच्चों को इसका लाभ मिल सके। मौके पर शिक्षक ममता डड़सेना, खेमिन साहू, सरिता साहू आदि उपस्थित रहे।

# प्राचार्य पद पर पदोन्नत हुईं डॉ. अनुसुइया अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद की प्रभारी प्राचार्य एवं आहरण-संवितरण अधिकारी डॉ. अनुसुइया अग्रवाल को उच्च शिक्षा विभाग रायपुर द्वारा प्राचार्य पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है। उन्हें स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद में प्राचार्य के रूप में नियुक्त किया गया। उन्होंने 16 नवंबर 2024 को इस पद का कार्यभार ग्रहण किया।

डॉ. अनुसुइया के सम्मान में 19 नवंबर 2024 को महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अजय राजा, डॉ. रीता पांडेय, करुणा दुबे, मनोज शर्मा, और शोधार्थी चंद्रशुभम ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए भावपूर्ण उद्गार व्यक्त किए। डॉ. अनुसुइया ने अपनी प्राचार्य जिम्मेदारी सहायक प्राध्यापक रसायनशास्त्र करुणा दुबे को सौंपी, जिन्होंने डॉ. अनुसुइया को उनकी उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं। विदित हो कि स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद गत वर्ष से इस जिले में संचालित है। यह इस महाविद्यालय का दूसरा वर्ष है, जो शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के मिनी स्टेडियम के निकट स्थित पुराने भवन में संचालित हो रहा है। यह महाविद्यालय पूर्णतः अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय है तथा यहां पर स्नातक स्तर पर विज्ञान, वाणिज्य, एवं कला की कक्षाएं संचालित हो रही है। पूर्णतः कुशल एवं पारंगत 11 अतिथि व्याख्याता, क्रीड़ा अधिकारी ग्रंथपाल सहित तीन सहायक प्राध्यापक कार्य सहयोग के लिए पदस्थ है। गत वर्ष महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत था, जो इसकी उत्कृष्टता को दर्शाता है। डॉ. अनुसुइया के पदभार ग्रहण करने पर विधायक योगेश्वर राजू सिंहा, महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी, नागरिक, साहित्यकार और विद्यार्थीगण ने हर्ष जताया है। जनभागीदारी समिति के सदस्यों ने कहा कि पूर्णकालिक प्राचार्य के नेतृत्व में यह महाविद्यालय और अधिक प्रगति करेगा। डॉ. अनुसुइया की नियुक्ति से महाविद्यालय को नए आयाम प्राप्त होंगे, जिससे इसकी पहचान जिले में और सशक्त होगी।

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।



CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
CUSTOMER CARE NO.:7377511511

online Booking:-www.tripuryatra.com



दिनांक (05 दिन)
22 दिसंबर से 26 दिसंबर 2024, 13 जनवरी से 17 जनवरी 2025
26 जनवरी से 30 जनवरी 2025, 09 मार्च से 13 मार्च 2025
13 अप्रैल से 17 अप्रैल 2025
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बूढ़ा नीलकंठ, शांधा), काठमांडू दरबार
Ex गोरखपुर/ नोतनवा
राशिः-स्टैंडर्ड पैकेज 7,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411